





एक नजर में

## निर्माणाधीन हाईवे पर काल बनी रफ्तार

● तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** निर्माणाधीन हाईवे पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और वाहनों की बेलगाम रफ्तार ने एक और हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। इंदौर-एदलाबाद नेशनल हाईवे पर गुरुवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम आली बुजुर्ग निवासी 39 वर्षीय दिनेश पिता एडू कनाड़े की मौके पर ही मौत हो गई। दिनेश अपने काम के सिलसिले में सनावद से बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे, तभी गांव के करीब सर्विस रोड पर फोरलेन का निर्माण कर रही केदारेश्वर कंपनी की एक तेज रफ्तार कैंपा गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया। मृतक की पत्नी और मासूम बेटी जब घटना स्थल पहुंची तो दिनेश की स्थिति देख बदहवाश हो गई। बकरा-बकरी की खरीदी-बिक्री कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले दिनेश के असमय चले जाने से उनके तीन छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले इस गरीब परिवार के सामने अब जीवन का गहरा संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर एकत्रित होकर निर्माण कंपनी के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि हाईवे निर्माण में लगे वाहन चालकों पर ठेकेदार का कोई नियंत्रण नहीं है और वे आबादी वाले क्षेत्रों में भी अत्यधिक गति से वाहन दौड़ाते हैं। सूचना मिलने पर मोरटक्का चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त कर लिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाह ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और अनाथ हुए बच्चों व विधवा पत्नी को उचित आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए।

## मस्जिद पर पथराव के 6 आरोपी गिरफ्तार, दो का इलाके में जुलूस

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के खड़कपुरा स्थित मक्का मस्जिद पर पथराव की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर 6 आरोपियों को पकड़ लिया। इनमें 4 नाबालिग हैं, जबकि दो बालिग आरोपियों वसीम (पिता शकील) और जाकिर (पिता जाहिद), निवासी हरिगंज को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को खड़कपुरा की उसी गली में ले जाकर जुलूस निकाला, जहां घटना हुई थी। मंगलवार रात ईशा की नमाज के दौरान मेन हिंदी स्कूल परिसर की ओर से कुछ युवकों ने मस्जिद की ओर पत्थर फेंके थे। एक पत्थर मस्जिद की पिछली खिड़की के कांच पर लगने से तेज आवाज हुई और नमाजियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आईपीएस अमित कुमार और सीएसपी अभिनव कुमार बारंगे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। पूछताछ में आरोपियों ने पत्थरबाजी की वजह कबूतर भगाना बताया है, हालांकि पुलिस इसे संदिग्ध मानते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

## रामनगर में विवाहिता ने लगाई फांसी, इंदौर रेफर रास्ते में मौत

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के रामनगर क्षेत्र में बुधवार शाम 30 वर्षीय विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में परिजन उन्हें फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने इंदौर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रानू पति नीलेश सेन ने शाम करीब 7 बजे घर की पहली मंजिल पर कमरे में फंदा लगा लिया। नीचे मौजूद ससुर की नजर पड़ने पर उन्होंने शोर मचाया और पड़ोसियों की मदद से रानू को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। उस समय महिला की सांसें चल रही थीं। रामनगर चौकी प्रभारी नंदराम वासुरे ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची थी, लेकिन महिला बयान देने की स्थिति में नहीं थी। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें इंदौर रेफर किया था। रानू और नीलेश की शादी 6 साल पहले हुई थी तथा उनका 3 साल का बेटा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पारंपरिक खेलों की एक दिवसीय प्रतियोगिता आज

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत खो-खो, कुश्ती और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 6 मार्च को खंडवा में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में प्रातः 8 बजे से शुरू होगी।

# तिरुपति से आई आस्था की सौगात

81 फीट की प्रतिमा के लोग कर सकेंगे जल्द दर्शन, बालाजी धाम से खंडवा बनेगा नया धार्मिक पर्यटन हब

नर्मदा तट पर बसे ओंकारेश्वर के अद्वैत धाम के बाद अब खंडवा जिले को एक और बड़ी धार्मिक-पर्यटन सौगात मिलने जा रही है। इंदौर रोड स्थित छः गांव माखन में श्री दिव्य बालाजी नगर कॉलोनी में निर्माणाधीन 81 फीट ऊंची भगवान तिरुपति बालाजी की भव्य प्रतिमा और मंदिर परिसर जल्द ही श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। रविवार को तिरुपति से लाई गई पावन मूर्तियों के आगमन पर भव्य स्वागत और शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।





नवभारत न्यूज

**खंडवा।** छैगांवगांव माखन स्थित श्री दिव्य बालाजी नगर में तैयार हो रहा भव्य बालाजी धाम जिले के पर्यटन परिदृश्य को नया आयाम देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रविवार को तिरुपति तिरुमला देवस्थानम द्वारा निर्मित भगवान तिरुपति बालाजी, माता लक्ष्मी, पद्मावती, दशावतार, गणेश, हनुमान, गरुड़, जय-विजय, चंड-प्रचंड और बली पीठ सहित अन्य देवी-देवताओं की पावन मूर्तियां खंडवा पहुंचीं, जिनका श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया।

ढोल-नगाड़ों, जयकारों और आतिशबाजी के बीच निकली शोभायात्रा से पूरा क्षेत्र में आस्था की लहर दौड़ पड़ी। निर्माणाधीन 81 फीट ऊंची भगवान तिरुपति बालाजी की प्रतिमा वाले मंदिर के गर्भगृह में स्थापित की जाने वाली इन प्रतिमाओं का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्नान, दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पं. अमित दाधिच, आचार्य पं. प्रवीण अत्रे, पं. अवधेश उपाध्याय, सुरेश शर्मा, पीयूष दुबे और व्यास जी सहित अन्य विद्वान ब्राह्मणों के सान्निध्य में संपन्न हुए। कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे, महापौर अमृता यादव, पूर्व महापौर भावना शाह, अणिमा ओबेजा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, त्रिलोक यादव, मंगल यादव, अमर यादव, हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल, सागर आरतानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल ने बताया कि कॉलोनी के विकास का उद्देश्य जिले में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। उनके साथ बंशीलाल गोयल, मुकेश अग्रवाल, अखिलेश गुप्ता, गुरमीत सिंह ओबेजा, अमित गुप्ता, रवि अग्रवाल, राहुल मेहता, अनुज अग्रवाल, योगेश गोयल, देवेश अग्रवाल, दीप्तेश गुप्ता, प्रेमलता अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, पूजा गोयल, गरिमा गोयल, मनीषा गुप्ता, आराधना गुप्ता, मोहिनी अग्रवाल, स्नेहा गोयल और प्रियंका कुंदन मालवीया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा जल्द

संस्थापक रितेश गोयल ने बताया कि फिलहाल मूर्तियों को मंदिर परिसर में सुरक्षित रखकर अन्नाधिवास कराया गया है। शीघ्र ही शुभ तिथि निर्धारित कर वैदिक विधि-विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कर मंदिरों में स्थापना की जाएगी। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि अद्वैत धाम की तरह यह बालाजी धाम भी ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नया धार्मिक पड़ाव बनेगा, जिससे खंडवा पर्यटन के राष्ट्रीय नक्शे पर मजबूत पहचान बनाएगा और सैकड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## लायन्स-लियो क्लब ने मूक बधिर आश्रम में मनाई होली



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** धुलंडी पर लायन्स क्लब खंडवा एवं लियो क्लब खंडवा के सदस्यों ने लालचौकी स्थित मूक-बधिर दिव्यांग आश्रम में बच्चों के साथ रंगोत्सव मनाया। वार्षिक परीक्षाओं के कारण कई बच्चे अपने घर नहीं जा सके थे। आश्रम संचालिका अंजलि शिंदे ने क्लब सदस्यों से बच्चों की खुशी के लिए होली मनाने का आग्रह किया।

लायन्स क्लब अध्यक्ष आशा उपाध्याय, उपाध्यक्ष घनश्याम वाधवा, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़ और लियो क्लब अध्यक्ष सुमित परिहार, आई.पी.पी. अर्पित बाहेती, उपाध्यक्ष शिवम जायसवाल, सचिव अभिषु शर्मा, कोषाध्यक्ष केतन वर्मा के नेतृत्व में सदस्य दोपहर में आश्रम पहुंचे। बच्चों के साथ होली खेली, ढोलक की थाप पर नृत्य किया और फल, मिठाई एवं स्वल्पाहार वितरित किया। रंगों और स्नेह के इस उत्सव से बच्चों के चेहरे खिल उठे। अध्यक्ष आशा उपाध्याय एवं सुमित परिहार ने कहा कि समाज सेवा और हर चेहरे पर मुस्कान लाना ही लायन्स व लियो क्लब का उद्देश्य है।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में जेएसी खंडवा का नाम रोशन

नवभारत न्यूज




**खंडवा।** गोवा में आयोजित जेसीआई एलुमनी क्लब के राष्ट्रीय सम्मेलन (नैटकॉन) में जेएसी खंडवा के रीजनल प्रेसिडेंट हेमंत मूंदड़ा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आउटस्टैंडिंग न्यू जेएसी मेंबर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें पूरे भारत के विभिन्न ज़ोन्स में से उत्कृष्ट चयन के आधार पर प्राप्त हुआ है, जिससे ज़ोन 6 के साथ-साथ खंडवा शहर का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। समारोह के दौरान जेसीआई एलुमनी क्लब की राष्ट्रीय चेयरमैन अंजलि गुप्ता ने उन्हें मंच पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

इस उपलब्धि के साथ ही हेमंत मूंदड़ा ने जेसीआई के गौरवशाली इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए पीडीएम की सदस्यता भी ग्रहण की है। उल्लेखनीय है कि जेसीआई खंडवा के इतिहास में हेमंत मूंदड़ा पीडीएम लेने वाले पहले सदस्य बन गए हैं, जिसे संगठन के भीतर एक विशेष और महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जाता है।

जेसीआई खंडवा के वरिष्ठ मार्गदर्शक जेसी रणवीर चावला ने इस अवसर पर बताया कि हेमंत मूंदड़ा ने संगठन में अपनी सक्रियता, कुशल नेतृत्व क्षमता और सामाजिक गतिविधियों में निरंतर योगदान देकर यह मुकाम हासिल किया है। हेमंत मूंदड़ा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जेसीआई खंडवा के अध्यक्ष मनन सोनी, सचिव अनुज खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष सुजाता मोरे, नागेश वालंजकर, ज्योति वालंजकर, हरदीप छावड़ा, मनोज शाह, अमीन खान तथा अनिल बाहेती सहित जेसीआई परिवार के समस्त सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## दादा गुरु के आगमन पर भजन संध्या और भंडारा



नवभारत न्यूज

**मूदी।** अद्भुत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु की अखंड निराहार मां नर्मदा सेवा परिक्रमा का मूदी आगमन 7 मार्च शनिवार शाम को होगा। इस अवसर पर विधायक निवास पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत अपनी भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां देंगे। धर्मप्रेमियों के लिए भोजन प्रसादी के रूप में भंडारे भी रखा गया है।


## दुग्ध सहकारी संस्थाओं का स्वच्छ दूध उत्पादन प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज




**खंडवा।** राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर दुग्ध सहकारी संघ और खंडवा जिला सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में बुरहानपुर में दुग्ध सहकारी संस्थाओं के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ दूध उत्पादन, आदर्श सहकारी सदस्यत्व और किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंदौर दुग्ध सहकारी संघ के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक एनके पगारे और सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर के पूर्व प्राचार्य केएल राठौर ने सदस्यों को दूध उत्पादन की तकनीक, सहकारी सिद्धांत, सदस्यों के अधिकार और वर्तमान दुग्ध सहकारी आंदोलन की स्थिति पर जानकारी दी। खंडवा एवं बुरहानपुर दुग्ध सहकारी संघ के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश झारिया ने संघ की योजनाओं और बुरहानपुर जिले की दुग्ध संस्थाओं की जानकारी साझा की। प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला सहकारी संघ के सहायक प्रबंधक मनोज पालीवाल और प्रबंधक मेहताब सिंह भदोरिया ने अतिथि स्वागत और परिचय दिया। लगभग 50 सदस्यों ने प्रशिक्षण में भाग लिया और स्वच्छ दूध उत्पादन के महत्व पर विस्तृत ज्ञान प्राप्त किया।



## निगमायुक्त ने किया स्विमिंग पूल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नगर पालिक निगम आयुक्त प्रियंका राजावत द्वारा नगर निगम के स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्विमिंग पूल में चल रहे वार्षिक मेंटेनेंस कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया गया।

निगमायुक्त राजावत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्विमिंग पूल में संचालित वार्षिक मेंटेनेंस कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर पूल को उपयोग के लिए तैयार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

## सिंधी समाज ने मनाया सामूहिक होली मिलन समारोह



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** श्री पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में बुधवार को सिंधी समाज का भव्य सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन की शुरुआत सामाजिक परंपरा के अनुसार गमी वाले परिवारों को गुलाल का टीका लगाकर की गई, जिसमें पंचायत अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी, मोहन दीवान और अनिल आरतानी ने समाज की एकजुटता पर बल दिया।

विधायक कंचन तनवे, पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर समाजजन को शुभकामनाएं दीं। समारोह के पश्चात समाजजन विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचे। सनातन तीरथधाम मंदिर में महंत बाबा स्वरूपदास जी ने समाज को आडंबरों और हानिकारक वस्तुओं से दूर रहने का संदेश दिया। बाबाजी के भजनों पर समाजजन जमकर थिरके। इसके साथ ही शिवधाम में पंडित श्याम शर्मा व धर्मेंद्र शर्मा और बालक धाम में बाबा माधवदास उदासी ने आशीर्वचन दिए। इस अवसर पर जयकिशन तीर्थानी, भीमनदास जीवनाणी, श्याम हेमवानी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित थे। संचालन घनश्याम वाधवा ने किया एवं आभार प्रवक्ता कमल नागपाल ने व्यक्त किया। समाज के इस आयोजन ने आपसी प्रेम और सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मना होलिका पर्व

शहर से लेकर गांवों तक चढ़ा फागुनी रंग

नवभारत न्यूज





**खंडवा।** आपसी सद्भाव और रंगों के पावन पर्व होली का उत्साह पूरे जिले में चरम पर दिखाई दिया, जहाँ शहरी चकाचौंध और ग्रामीण परंपराओं के संगम ने उत्सव को यादगार बना दिया।

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पर्व पर सुबह से ही फिजाओं में अबीर-गुलाल उड़ने लगा और देखते ही देखते पूरा क्षेत्र सतरंगी आभा में सराबोर हो गया। शहर के प्रमुख चौराहों से लेकर गलियों तक युवाओं की टोलियां ढोल-ताशों की थाप पर थिरकती नजर आईं, वहीं बच्चों ने पिचकारियों से रंग बरसाकर पर्व का भरपूर आनंद लिया। बड़ों ने एक-दूसरे को गुलाल तिलक लगाकर गले लगाया और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर भाईचारे का संदेश दिया। शहर की तुलना में ग्रामीण अंचलों में होली की खुमारी और भी गहरी दिखाई दी, जहाँ लोक संस्कृति के पारंपरिक रंग जीवंत हो उठे। ग्रामीण इलाकों में फाग गीतों की गूंज के साथ चौपालों पर जमघट लगा रहा और डफली की थाप पर लोक गायकों ने फागुन की मस्ती बिखेरी। पकवानों की खुशबू से महकते घरों में मेहमानों का स्वागत किया गया और मिलन का यह दौर देर शाम तक निर्बाध चलता रहा। प्रशासन और पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच जिले के कोने-कोने में शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मना, जो न केवल रंगों का उत्सव रहा बल्कि सामाजिक समरसता की मिसाल भी पेश कर गया।